तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 13 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



गोधना-कुकदा मार्ग के निर्माण की मंथर गति से क्षेत्रवासी हलाकान

4




## खबर संक्षेप

### सुरक्षा जवान भर्ती एवं पंजीयन शिविर डभरा में आज

**सक्ती।** भारतीय दक्षता परिषद नई दिल्ली एवं एस.आई.एस. (इंडिया) लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षा कार्यों के लिए योग्य अभ्यर्थियों के पंजीयन एवं भर्ती हेतु जिला सक्ती में सुरक्षा जवान भर्ती एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। नोडल अधिकारी जिला कौशल विकास प्राधिकरण, जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के विभिन्न विकासखंडों में यह शिविर आयोजित होगा, जिसके माध्यम से इच्छुक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत डभरा में 13 जुलाई, जनपद पंचायत जैजैपुर में 14 एवं 15 जुलाई, जनपद पंचायत मालखरौदा में 16 एवं 17 जुलाई तथा जनपद पंचायत सक्ती में 18 एवं 19 जुलाई को शिविर आयोजित होगा। इसके अलावा 20 जुलाई को शासकीय आईटीआई हसौद में भी भर्ती एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी स्थानों पर शिविर का समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिले के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथियों पर संबंधित शिविर स्थल में उपस्थित होकर पंजीयन एवं भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की गई है।

### कृषि योजनाओं का लाभ लेने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

**सक्ती।** सभी किसानों एवं संयुक्त खाताधारकों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत विभागीय योजनाओं का लाभ केवल जमीन के मालिक या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को फार्मर आईडी होने पर ही मिल सकेगा। वर्तमान में संयुक्त खाताधारकों के लिए फार्मर आईडी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। यदि किसी ऋण पुस्तिका अथवा खाते में एक से अधिक लोगों का नाम दर्ज है, तो सभी खाताधारकों का अलग-अलग एग्रीस्टैक पंजीयन कराया जा सकता है। वहीं जिन किसानों के नाम एक ही खाते में अलग-अलग खसरा नंबर दर्ज हैं, उन सभी संबंधित खाताधारकों को उन्हीं खसरा नंबरों पर अपना पंजीयन कराना होगा। फार्मर आईडी बनवाने से धान उपार्जन एवं फसल विक्रय में सुविधा मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित भविष्य में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी आसानी होगी। फार्मर आईडी पंजीयन के लिए राज्य के एग्रीस्टैक प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा किसान अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर भी आसानी से पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन के दौरान आधार कार्ड, ई-केवाईसी, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा बी-1 जैसे आवश्यक दस्तावेजों की जरूरत होगी। जिन किसानों ने अपनी फार्मर आईडी नहीं बनवाई है, तो परेशानी से बचने के लिए शीघ्र पंजीयन करा लेंवे।

### अतिक्रमण और टेंडर की प्रक्रिया के चलते हो रही देरी

# पांच दशक पुराने पुल के नवनिर्माण की मंजूरी के चार माह बाद भी शुरु नहीं हो सका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा शहर को जोड़ने वाला पांच दशक पुराना गेमन पुल समय के साथ जर्जर हो चुका है। इस पुल पर आवागमन दुभर हो चुका है और हादसों का खतरा बना रहता है। हसदेव नदी पर 15 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से नया पुल बनाया जाएगा। इसके लिए फरवरी माह में मंजूरी हो चुकी है, लेकिन अभी तक टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में पुल निर्माण का काम मंजूरी के चार माह बाद भी प्रारंभ नहीं हो सका है।

गौरतलब है कि चांपा शहर के हसदेव नदी तट पर 15 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से नया हाईलेबल पुल निर्माण कार्य किया जाना है, ताकि रास्ते से होकर आने जाने वाले लोगो को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। चांपा शहर के हसदेव नदी तट पर स्थित गेमन पुल का निर्माण कार्य 1970 में हुआ था। पुल को बने करीब 55 साल का समय बीत चुका है। बदलते समय के साथ साथ वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ती ही जा रही है, जिसके कारण पुराने एवं जर्जर हो चुके पुल पर लगातार यातायात का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में आने-जाने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर हो चुके पुल पर आए दिन हादसे भी हो रहे है। ऐसे में नए पुल निर्माण के लिए लंबे समय से मांग उठ रही थी, जिसे देखते हुए वर्ष 2024 में नया पुल बनाने को लेकर प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था, जिसके बाद नवम्बर महीने 2025 में नया पुल बनाने को लेकर राज्य शासन से सहमति प्राप्त हो चुकी है। वहीं इसके लिए करीब 15 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति फरवरी 2026 में प्राप्त हो चुकी है। नया पुल की लंबाई 300 मीटर रहेगी। वही 10 एवं 10 मीटर लंबे एप्रोच रोड भी इस पर बनाया जाना है। वही नए पुल में 16 स्पान भी लगाया जाएगा। हाईलेबल पुल निर्माण कार्य चाम्पा शहर के हसदेव नदी तट के एनीकट के पास कराया जाना है। इसके लिए टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिसके चलते पुल निर्माण का कार्य अब तक शुरु नहीं हो सका है। पुल निर्माण के लिए शासन से मंजूरी मिलने के बाद लोगों को जल्द ही निर्माण कार्य शुरु होने की उम्मीद जगी थी। पुल के पास से कुछ अतिक्रमण भी हटाया गया था, लेकिन उसके बाद आगे की कार्रवाई थम गई है।


चांपा के हसदेव नदी पर बना पांच दशक पुराना पुल।

### शबरी सेतु, सिलादेही एवं बसंतपुर की पुल भी खराब

जांजगी-चांपा जिले से बलौदाबाजार,सक्ती एवं सारंगढ बिलाईगढ को जोड़ने वाली शबरी सेतु की स्थिति काफी खराब हो चुकी है, जिसके कारण वाहन चालक समेत लोगों को आने जाने के दौरान काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पुल का मरम्मत नहीं हो पाने के कारण कई जगहो पर गढ्ढे बन जाते है, जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है। इस रास्ते से होकर लोग बलौढा बाजार- जांजगीर एवं सारंगढ जिले को जाते है। इसी तरह जांजगीर जिले के हसदेव नदी तट पर बसे सिलादेही एवं केरा गांव के बीच पुल का निर्माण कार्य कराया गया है। इस पुल पर 24 घंटे बड़े एवं भारी वाहनो की आवाजाही लगी रहती है, जिसके कारण पुल की हालत खराब है। इसके मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर भी ध्यान नहीं दिया जाता। इस पुल के माध्यम से लोग जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले की ओर आवाजाही करते है। इसी प्रकार जांजगीर चाम्पा जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत बसंतपुर पर बने पुल के माध्यम से लोग जांजगीर चाम्पा, सक्ती, बलौदाबाजार, रायगढ एवं सारंगढ जिले की ओर आना जाना करते है। यह पुल भी काफी खराब हो चुका है। पुल से सरिया बाहर निकल आया है, जिसके कारण रास्ते से होकर गुजरने वाले लोगो को काफी परेशानी होती है।

### जल्द पूरी होगी प्रक्रिया

नया पुल निर्माण को लेकर करीब 15 करोड 86 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। पुल के आसपास से अतिक्रमण हटवाने के साथ टेंडर प्रक्रिया भी चल रही है, बाकी जगहों के पुल के स्थिति की भी जानकारी ली जाएगी।

-नितेश तिवारी,
कार्यपालन अभियंता
सेतु निगम, जांजगीर-चांपा


पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# पुरानी रंजिश पर छात्र की हत्या कर खेत में दफनाई लाश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पुरानी रंजिश पर स्कूली छात्र की हत्या कर युवक ने शव को छुपाने खेत में दफन कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा खुर्द का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परसदा खुर्द निवासी सौखी कुमार केंवट का बेटा 13 वर्षीय कपिल कुमार केंवट कक्षा 9 वीं का छात्र था। वह 8 जुलाई की रात लापता हो गया। अपने स्तर पर खोजबीन करने के बाद सौखी कुमार केंवट ने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। सौखी कुमार ने गांव के ही हेमंत कुमार केंवट द्वारा कपिल कुमार केंवटको बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने संदेही हेमंत कुमार केंवट की पतासाजी कर दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ करने पर वह बार-बार अपना कथन बदल कर पुलिस को गुमराह करता रहा। मनोवैज्ञानिक तरीके से कई घण्टो तक पूछताछ करने पर आख़रिकार उसने सारी कहानी बयान कर दी। उसने बताया कि वह अक्सर शराब का सेवन करता है, और 6 माह पूर्व ग्राम हरदा के लड़को से उसका विवाद हो गया था। हरदा के लड़कों ने हेमंत कुमार केंवट की पिटाई कर दी थी। कपिल कुमार केंवट ने गांव में यह बात बता दी। इसी बात को लेकर कपिल से नाराज हेमंत बदला लेने का सोच रहा था। उसने 8 जुलाई की रात करीबन 8.30 बजे कपिल को चोरी के लोहा को बेचने की बात कहकर पैसो का लालच देकर बुलाया। कपिल को अपने साथ बोर घर ले गया और गला दबाकर हत्या कर दी। शव को छिपाने के लिये बोर घर के पास खेत में रापा से गड्डा खोदकर जमीन में गाड दिया। वहीं कपिल कुमार के पहने कपड़े को 4 खेत छोड़कर छिपा दिया। हेमंत कुमार केंवट के कथन के आधार पर कार्यपालिक दण्डाधिकारी, चिकित्सकीय दल एवं फारेंसिक टीम की उपस्थिति में खेत से खुदाई कर कपिल कुमार केंवट के शव को बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपी हेमंत कुमार केंवट के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रापा जप्त कर लिया गया है। पुलिस ने परसदा खुर्दनिवासी हेमंत कुमार केंवट पिता राजू कुमार केंवट उम्र 22 वर्ष को धारा 137(2), 103(1), 238 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

■ सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम परसदाखुर्द का मामला

# नियम की अनदेखी, दो कृषि केन्द्र को किया सील


कृषि केन्द्र को सील करने की कार्रवाई करता अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि केन्द्रों में दबिश देकर विभाग की टीम ने जांच की। इस दौरान नियम की अनदेखी पाए जाने पर तीन कृषि केन्द्रों पर कार्रवाई की गई। दो कृषि केन्द्रों को सील भी किया गया।

जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय संयुक्त दल द्वारा रविवार 12 जुलाई को विकासखण्ड बम्हनीडीह के बिर्रा में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स न्यू केशरवानी कृषि केन्द्र के विक्रय प्रतिष्ठान में बीज एवं कीटनाशक का विक्रय बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के और मेसर्स चंद्रा कृषि केन्द्र, प्रोपाईटर राजेश कुमार चन्द्रा के द्वारा बिना लाईसेंस उर्वरक एवं बीज का विक्रय करते पाये जाने पर बीज और उर्वरक को जब्त कर विक्रय प्रतिबंध किया गया। साथ ही कीटनाशक लाईसेंस में स्त्रोत प्रमाण पत्र नवीनीकरण नही पाये जाने पर कीटनाशक अधिनियम 1966 एवं नियम- 1971 के प्रावधानों का उल्लघंन करने पर विभाग द्वारा दोनों विक्रय प्रतिष्ठानों पर सीलबंद की कारवाई की गई। इसी क्रम में मेसर्स दीपक कृषि केन्द्र बिर्रा द्वारा कीटनाशक विक्रय का सत्यापित स्टाक पंजी और सत्यापित बिल बुक निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत नही किये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया कि खरीफ सीजन में किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त सही कीटनाशक विक्रय नही करने पर कठोर कारवाई की जायेगी। विभाग द्वारा जिले के सभी निजी कृषि केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है, जिले में कही भी बिना लाइसेंस के और लाईसेस धारियों के द्वारा बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के नवनीकरण कराये बिना कीटनाशकों का विक्रय और कीटनाशक नियमों के पालन में अनियमितता पाये जाने पर आगे भी लगातार कारवाई की जायेगी।

### बिजली की कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**बिर्रा।** विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बार-बार आने जाने एवं दिनभर स्थाई कटौती करने के कारण बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रायपुर के द्वारा कनिष्ठ यंत्री कार्यालय की स्थापना बिर्रा में किया गया है। ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए बिर्रा के बाजार चौक में 33/ 11 के वी विद्युत सब स्टेशन की स्थापना सालों पहले किया गया है। लेकिन विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिर्रा में विद्युत वितरण केंद्र खुलने से मन में आस जगी थी कि यहां विद्युत वितरण केंद्र खुल गया है अब कटौती नहीं होगी, लेकिन यहां आए दिन बिजली कटौती हो रही है। कभी डियो के कटने तो कभी जम्फर के कटने या फिर तार टूटने और हमेशा 33 केव्ही में फाल्ट आने की बात कहते हुए बिजली बंद कर दी जाती है। हल्की सी हवा चलने या बारिश होने पर विद्युत सप्लाई बंद कर दिया जाता है। बिजली की बार बार कटौती से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### हादसे रोकने की कवायद...


बिर्रा। स्कूलों के आसपास हादसे रोकने की कवायद करते हुए पुलिस ने स्टापर लगवाए है। स्कूल टाइम पर बच्चों की भीड़ और आवागमन के दबाव को ध्यान में रखते हुए हादसों की रोकथाम के लिए ये व्यवस्था बनाई गई है।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुड़गहन में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से महुआ शराब बेचने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल ग्राम बुड़गहन पहुंची। यहां फिरत राम चौहान के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक मनोहर सिन्हा, रामकुमारी मार्को, रज्जू रात्रे , प्रहलाद निर्मलकर, जरायम बिंझवार, रोहित साहू, रूखमणी निर्मलकर का योगदान रहा।

# पुरानी नाली की सफाई पर ध्यान नहीं, फिर से बना रहे नई नाली

**मालखरौदा।** सक्ती-मालखरौदा छपोरा राज्य मार्ग पर पुरानी नाली की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, वहीं लाखों की लागत से फिर से नई नाली निर्माण कार्य कराई जा रही है, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2015-16 में लोक निर्माण विभाग द्वारा सक्ती-छपोरा राज्य मार्ग 16 में पक्की सड़क के साथ ही लाखों रुपये की लागत से बड़े सीपत छोटे सीपत,कलमी, दर्रा भाठा में नाली का निर्माण कार्य कराया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के बाद से लेकर आज तक (लगभग 10 वर्षों में) इस नाली की एक बार भी सुचारू रूप से सफाई नहीं की गई।सफाई नहीं होने के कारण नाली पूरी तरह से मलबे, कचरे और मिट्टी से पट चुकी है, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर बहता रहता है। विभाग ने पुरानी नाली के रखरखाव और सफाई पर ध्यान देने के बजाय उसे उसके हाल पर ही छोड़ दिया है। एक बार फिर सड़क का नवीनीकरण हो रहा है। साथ में दर्राभाठा, सकर्रा अमनदुला, बीरभाठा में नई नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पुरानी नाली मिट्टी से ढका हुआ है। बिना पुरानी नाली को साफ किए या उसकी सुध लिए, जगह-जगह नया निर्माण कराया जा रहा है।


साफ सफाई के अभाव में कचरों से अटा पड़ा नाली।

### जिले के 7 सेंटर में आयोजित की गई परीक्षा, 2035 हुए शामिल

# सुबेदार व उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा से अनुपस्थित रहे 221 अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छतीसगढ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित सुबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लांटुन कमांडर की परीक्षा दिलाने को लेकर 2 हजार 256 अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन जमा किए। इस बीच परीक्षा में शामिल होने के लिए 2 हजार 35 अभ्यर्थी पहुंचे वहीं 221 लोग परीक्षा से नदारद रहे। परीक्षा को लेकर 7 केन्द्र बनाए गए थे।

गौरतलब है कि छतीसगढ लोक सेवा आयोग के द्वारा रविवार 12 जुलाई को सुबेदार,उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटुन कमांडर प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए जिले में 7 केन्द्र बनाए गए थे। इसके लिए 2 हजार 256 युवाओ ने अपना फार्म आनलाइन के माध्यम से जमा किए थे। रविवार को आयोजित इस परीक्षा में 2 हजार 35 लोग शामिल हुए वही 221 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सामान्य अध्ययन, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए थे। इधर परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियो को करीब 2 घंटे पहले आने को लेकर कहा गया था। वहीं परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पहले ही केन्द्र के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए थे। छतीसगढ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा को लेकर शहर में काफी चहल पहल देखी गई। शहर के बीडीएम गार्डन, पटेल उदयान, कचहरी चौक, नेता जी चौक समेत अन्य जगहो पर काफी चहल पहल देखी गई। लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा को लेकर केन्द्रों में पुलिस बलो की तैनाती की गई वही इसके लिए अधिकारियो की ड्यूटी भी लगाई गई थी।


परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी।

### 3 मिनट की देरी से मेहनत पर फिर पानी

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के दौरान नियमों की कड़ाई के कारण एक अभ्यर्थी की सालभर की मेहनत पर मात्र 3 मिनट की देरी भारी पड़ गई। छात्र किशन कुमार पटेल ने बताया कि वे लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। उनका परीक्षा केंद्र सक्ती के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में बनाया गया था। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से वे मात्र तीन मिनट की देरी से केंद्र पहुंचे थे, लेकिन परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें अंदर प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

# कम्प्यूटर के जानकार शिक्षक को ही मिलेगा संकुल प्रभारी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे ऑनलाइन कार्यों को लेकर अब संकुल प्रभारी उन्हीं शिक्षकों को बनाया जाएगा को कम्प्यूटर के जानकार होंगे और जिन्हें एंड्रायड मोबाइल चलाना आता होगा। जिले में 200 से अधिक संकुल केन्द्र हैं, जिनमें अभी भी पुराने शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। जिनकी वजह से ऑनलाइन कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं।

स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस से लेकर छात्रों व शिक्षकों के रिकार्ड ऑनलाइन किए जाने की वजह से शिक्षकों व संकुल प्रभारियों पर बोझ बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए अब ऐसे शिक्षकों को संकुल प्रभारी की जिम्मेदारी दी जाएगी जिन्हें एंड्रायड फोन चलाना आता होगा और कम्प्यूटर के जानकार होंगे। जिससे शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा मांगे जाने वाली किसी भी तरह की ऑनलाइन जानकारी को तत्काल अपडेट किया जा सके। पिछले कुछ समय से शिक्षकों के अटेंडेंस को लेकर छात्रों की उपस्थिति सहित अन्य शैक्षणिक रिकार्ड ऑनलाइन किए जा रहे हैं। इसके लिए तकनीकी क्षेत्र में दर्ज शिक्षकों की आवश्यकता होगी। जिले के स्कूलों में बने हुए संकुल प्रभारियों में कुछ ऐसे भी हैं जो एंड्रायड फोन चलाना नहीं जानते और कम्प्यूटर सिस्टम में भी अपडेट नहीं हैं। ऐसे संकुल प्रभारियों को अब बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। वहीं जिले में रिक्त 39 संकुल प्रभारियों के पद पर कम्प्यूटर और एंड्रायड मोबाइल चलाने वाले शिक्षकों को ही जिम्मेदारी दी जाएगी। जिला एवं समग्र शिक्षा के माध्यम से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इसके निर्देश दिए गए थे और हालही में शिक्षण सत्र शुरुआत होने के दौरान ही इसके निर्देश को फिर से अमल किया जा रहा है और इस वर्ष इसे कड़ाई से अमल किया जाएगा। जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि संकुल समन्वयक को तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए। ताकि विभागीय ऑनलाइन कार्यों पर तकनीकी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## ऑनलाइन कार्य बढ़ने की वजह से शामिल किया गया शर्त में

**खास बातें**

- एंड्रायड मोबाइल चलाना भी किया गया अनिवार्य
- रिक्त संकुल केन्द्रों में होगी प्रभारियों की नियुक्ति




### ये हैं प्रमुख शर्तें

प्रत्येक संकुल केन्द्र में आने वाले हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पदेन संकुल प्रभारी होंगे। तथा संकुल समन्वयक को नामांकित करने के लिए जिला स्तर पर तीन सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। जिसके माध्यम से संकुल समन्वयकों की नियुक्ति होगी। इन तीन सदस्यीय समिति में जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी एवं संबंधित स्कूल के प्रभारी प्राचार्य भी रहेंगे। समिति के द्वारा पारित प्रस्ताव पर कलेक्टर के द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उनके अनुमोदन के पश्चात संकुल प्रभारियों की नियुक्ति होगी।

### एकल शिक्षकीय स्कूल के शिक्षक नहीं होंगे नामांकित

जिन स्कूलों में एक शिक्षक या दो शिक्षक पदस्थ हैं उन स्कूलों के शिक्षकों को संकुल प्रभारी का दायित्व नहीं दिया जाएगा। ऐसा स्कूल की पढ़ाई प्रभावित होने की वजह से निर्णय लिया गया है। संकुल के पुर्नगठन के दौरान संकुल समन्वयक के अंतर्गत आने वाले उच्चवर्ग शिक्षक या प्रधानपाठक को ही नामांकित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नरेंद्र बने भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के दुर्ग संभाग प्रभारी



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा नेता व पार्षद नरेंद्र देवांगन को भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ का दुर्ग संभाग प्रभारी तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति एवं नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक किशोर राय की अनुशंसा पर की गई है। नरेंद्र देवांगन लंबे समय से भाजपा संगठन के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला महामंत्री रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में संगठन की रणनीति को बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने में उनकी भूमिका रही। हाल ही में संपन्न नगरीय निकाय चुनाव में वे पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचित होकर जनता के विश्वास और अपनी मजबूत संगठनात्मक पकड़ का परिचय दे चुके हैं। उनके इसी अनुभव, कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने उन्हें दुर्ग संभाग जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### दुबे बने भाजपा पार्षद दल के सचेतक



**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के भाजपा पार्षद दल ने वार्ड क्रमांक 42के वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व एल्डरमैन सत्येंद्र दुबे को अपना सचेतक नियुक्त किया है। संगठन द्वारा उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचेतक के रूप में वे अब निगम में भाजपा पार्षद दल के कार्यों में समन्वय और अनुशासन बनाए रखने की भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति के अवसर पर जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों की उपस्थिति रही। इस दौरान दुबे जी का शाल-श्रीफल से स्वागत किया गया।

### स्कूली छात्रों को यातायात नियमों का दिया गया प्रशिक्षण



**कोरबा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को सेंट जेवियर्स स्कूल, कोरबा में यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोरबा यातायात पुलिस की टीम ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों के पालन और सुरक्षित यातायात के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। अभियान में स्कूल के प्राचार्य श्री आनंद की उपस्थिति में यातायात शाखा के एएसआई मनोज राठौर, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह एवं कांस्टेबल सुशांत युवराज चंद्रा ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि सड़क पर चलते समय ट्रैफिक संकेतों का पालन करना, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करना, ओवरस्पीडिंग से बचना, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन नहीं चलाना तथा नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाने जैसे नियम सभी की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं।

### कोरबी में मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह

**कोरबा।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा ड्राइंग, पेंटिंग चित्रकला द्वारा सुरक्षा के उपाय प्रदर्शित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों का ड्राइंग पेंटिंग में चयन किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य वीर भद्रसिंह पैकरा द्वारा सड़क सुरक्षा के उपाय के बारे में छात्र-छात्रओं को जानकारी दी। संस्था के व्याख्याता द्वारा भी अपने उद्बोधन में सड़क सुरक्षा के नियम, उपाय बताये गये।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट अपराध दर्ज

# पंप हाउस में गैंगवार, हथियारबंद युवकों ने घर में घुसकर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि पुरानी रंजिश को लेकर दो दर्जन से अधिक युवकों ने पंप हाउस कॉलोनी पहुंचकर एक युवक और उसके साथियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान बीच बचाव करने एक महिला के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- युवक व युवती सहित अन्य घायल

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 ब्लॉक और पंप हाउस कॉलोनी के युवकों के बीच पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते बड़ी संख्या में युवक हथियार लेकर पंप हाउस कॉलोनी पहुंचे और हरीश राव और उसके साथियों के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावर घर के भीतर घुस गए और वहां मौजूद लोगों के साथ भी मारपीट किये। पीड़ित पक्ष का दावा है कि कुछ समय पहले स्कूल के पास लड़कियों से छेड़छाड़ का विरोध करने के बाद से दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था। इसी बात को लेकर पहले भी दोनों पक्षों में मारपीट हो चुकी है। घटना के दौरान बीच बचाव करने पहुंची एक युवती के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। हमले में घायल श्वेता दास ने बताया है कि बहुत सारे युवक हाथ में डंडा, चाकू इस तरह के हथियार लेकर पंप हाउस पहुंचे थे। घटना रात 10 बजे की है कई युवक दौड़ते हुए आए। हम लोग घर के अंदर चले गए, लेकिन कुछ लोग भागते हुए घर में घुस गए। उन लोगों ने दरवाजा पीटकर कुंडी तोड़ दी। अंदर मत आओ, ऐसा कहने पर उन्होंने हमला करना शुरू कर दिया। सिर पर मुझे मारा, मेरे हाथ में चोट आ गई है। जब सारे मोहल्ले वाले बाहर आए तब वो लोग डर से वापस गए। मारपीट की सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर एफआईआर कायम कर ली है। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



कालोनी में लगी भीड़ व उपस्थित पुलिस।

### शिकायत के आधार पर मामला दर्ज

यह आपसी रंजिश और मारपीट का मामला है। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।
**-लखन पटले,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

### पुरानी रंजिश को लेकर किया हमला

पीड़ित हरीश राव ने बताया कि हम सभी पंप हाउस में अपने घर के पास बैठे हुए थे। तभी अचानक बाइक में सवार होकर लगभग दो दर्जन से अधिक युवक हथियार लेकर पहुंचे थे। जिन्होंने हमला कर दिया। तलवार से सिर पर वार किया, हाथ से रोका तो हाथ पर ही दो बार वार कर दिया। एक महिला पर भी उन्होंने हमला किया। मैं उनके घर गया तो मुझे भी घर में घुसकर मारपीट किये। इन लोगों ने पुरानी रंजिश के खुन्नस में ऐसा किया है। दरअसल पंप हाउस में आत्मानंद स्कूल है जहां हमला करने वाले युवकों में से कुछ लोग रोज बाइक पर सवार होकर फर्राटे भरते थे। जिसे लेकर स्कूल के शिक्षकों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की थी। मैं उस वक्त वहीं मौजूद था। इसलिए उसी कार्रवाई के खुन्नस में इन लोगों ने मुझ पर हमला किया। हमलावरों में शनि ठाकुर, सोना, असलम खान, करण यादव, हर्ष तिवारी, सचिन तिवारी, लकी, पउ और विक्रम बग्गा सहित अन्य शामिल थे।

# विकास हमारी सर्वोच्च व पहली प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 8 के शिवालय मोहल्ला जंगल साइड में कुल 76.98 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम का उन्नयन, मटन मार्केट का मरम्मत कार्य एवं पानी की व्यवस्था से संबंधित कार्य आम जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार नए कार्य स्वीकृत कराए जाएंगे और जनता की हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा। भूमिपूजन किए गए कार्यों में वार्ड क्रमांक 8 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य 49.24 लाख रुपये, मटन मार्केट मरम्मत कार्य 7.86 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक 30 नग पानी सिंटेक्स स्थापना 9.94 लाख रुपये तथा वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक 30 नग पानी सिंटेक्स स्थापना 9.94 लाख रुपये शामिल हैं। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सभी वार्डों में सिंटेक्स टंकियां स्थापित की जा रही हैं, वहीं मुक्तिधाम एवं मटन मार्केट के उन्नयन से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पार्षद द्वय संदीप डहरिया, अश्वनी मिश्रा, राकेश अग्रवाल, लक्षण सिंह कंवर, सूरज मिश्रा, प्रकाश झा, रितेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, देव राजपूत, नकूल पटेल उपस्थित रहे।

# घायल बंदर की उपचार के दौरान मौत वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सडक्र दुर्घटना में घायल एक बंदर (लंगूर) की उपचार के दौरान मौत हो जाने पर वन विभाग ने बरपाली स्थित वन आवासीय परिसर लाकर उसका ससम्मान अंतिम संस्कार किया। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के करतला परिक्षेत्र अंतर्गत बरपाली वृत्त के महोरा परिसर में शुक्रवार को सुबह 10 बजे के करीब कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग पर पुरैना राइस मिल के पास सडक्र पार करते समय अज्ञात वाहन द्वारा नर बंदर (लंगूर) को ठोकर मारकर घायल कर दिया था। उसे इलाज हेतु राहगीरों ने पशु चिकित्सालय बरपाली पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा परिसर रक्षक बरपाली को दिया गया, जिस पर वन अमला तत्काल पहुंचा और मृत बंदर के शव को वन आवासीय परिसर लाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद रेंजर अक्ष पलक ऋषि, वन क्षेत्रपाल, सुरक्षा श्रमिकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ससम्मान दाह संस्कार कर वन विभाग द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई।



### पुजारी से मारपीट, नकदी सहित मोबाइल की लूट

**कोरबा।** गिरजाबंध हनुमान मंदिर से वापस अपने घर परसदा लौट रहे पुजारी के साथ मारपीट व लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। परसदा सिल्ली मोड़ बाबापारा के समीप जैसे ही पुजारी का वाहन पहुंचा उसे रोककर 3 से 4 युवकों ने पुजारी से 22 हजार नगद रकम व मोबाइल की लूट की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। रतनपुर स्थित गिरजाबंध हनुमान मंदिर में अरुण पुरी महाराज रोजाना की तरह पूजा के बाद रात में अपने घर परसदा के लिए अपने कार से रवाना हुए। जैसे ही उनकी वाहन परसदा सिल्ली मोड़ के समीप बाबापारा के पास पहुंची इसी दौरान सड़क पर खड़े तीन से चार युवकों को वाहन को रोकवाया और अरुण पुरी महाराज के बाहर निकलते ही उस पर हमला कर दिया। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद युवकों ने अरुण पुरी के जेब में रखे 22 हजार रुपए नगदी व मोबाइल की लूट कर मौके से फरार हो गए।

## एसईसीएल महिला कर्मियों को भारी मशीनों के संचालन का दे रहा विशेष प्रशिक्षण

# गेवरा खदान में महिला कर्मचारी दौड़ाएंगी भारी भरकम मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों में नारी शक्ति अब एक नया इतिहास रचने जा रही है। अब तक खदानों के कार्यालयों और वर्कशॉप तक सीमित रहने वाली महिला कर्मचारी अब एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में से एक, गेवरा खदान में भारी-भरकम मशीनों को दौड़ती नजर आएंगी।

गेवरा क्षेत्र में 6 जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाले इस 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को अत्याधुनिक सिम्युलेटर की मदद से ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके जरिए वे डंपर, शॉवेल और अन्य हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी के सुरक्षित और कुशल संचालन के तकनीकी व व्यावहारिक गुण सीख रही हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन्हें सीधे खदानों में इन भारी मशीनों के संचालन की कमान सौंप दी जाएगी। एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के लिए कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों से कैटेगरी-1 श्रेणी की 10वीं या उससे अधिक शिक्षित महिला कर्मचारियों का चयन किया गया है। 6 जुलाई को जब यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू हुआ, तो महिला प्रतिभागियों का पारंपरिक रूप से साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर अनोखा स्वागत किया गया, जिससे उनका हौसला दोगुना हो गया। एसईसीएल के इतिहास की इस पहली और अनूठी पहल को अमलीजामा पहनाने में महाप्रबंधक सुजाता रानी की मुख्य भूमिका रही है। उन्होंने अपनी टीम के साथ ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर महिला कर्मियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पूरे आत्मविश्वास व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह पहल महिला कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें खदानों में संचालन संबंधी महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों के लिए तैयार करेगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा, स्टाफ ऑफिसर सुधा बी. शिंदे सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



एसईसीएल में पदस्थ महिला कर्मचारी।

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742














# आज ज़ी सिनेमा पर 'मावीरन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर...

**मुंबई।** ज़ी सिनेमा पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन अभिनीत सुपरहिट एक्शन-फैंटेसी फिल्म मावीरन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज 12 जुलाई को रात आठ बजे होगा। निर्माताओं ने बताया कि निर्देशक मैडोना अश्विन की फिल्म मावीरन एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और भावनाओं का अनूठा संगम है। फिल्म की कहानी सत्या नामक एक कार्टूनिस्ट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टकराव से बचने वाला साधारण युवक है। एक हादसे के बाद उसे एक रहस्यमयी आवाज़ सुनाई देने लगती है, जो उसके जीवन की दिशा बदल देती है। इसके बाद वह अपने भीतर छिपे साहस को पहचानते हुए एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ बेबस लोगों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है। इसकी कहानी 1970 के दशक में घटित दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय कलाकार पीके महानंदिया पर आधारित है, जो सच्चे प्यार की तलाश में भारत से स्वीडन तक 6,000 मील की यात्रा पर साइकिल से निकले थे। ये सेकंड-हैंड साइकिल उन्होंने अपनी पेंटिंग्स बेचकर खरीदी थी। प्रियंका ने लिखा, 'जब मैंने पहली बार उस यात्रा की कहानी सुनी पीके महालंदिया प्यार के लिए महाद्वीपों की साइकिल यात्रा की कहानी सुनकर मैं दंग रह गई। ये उन दुर्लभ, अविश्वसनीय सच्ची कहानियों में से एक है जो लंबे समय तक आपके मन में रहती है।' उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए लिखा, 'ये फिल्म आशा और अपने दिल की बात मानने के साहस की एक गहरी मानवीय कहानी है। मुझे आपके साथ ट्रेलर साझा करके खुशी हो रही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'फिल्म 28 अगस्त को अमेरिका और 18 सितंबर को ब्रिटेन में रिलीज होगी। जल्द अन्य अंतरराष्ट्रीय रिलीज तारीखों की घोषणा होगी।



हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद पहली बार दिखे

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया में जुजू स्मिथ-शस्टर की शादी हुई, जहां टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी शादी के बाद पहली बार पति-पत्नी के रूप में एक साथ किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टेलर स्विफ्ट गुलाबी फूलों वाले एक बेहद खूबसूरत बॉल गाउन में नजर आईं, जिसने सबका ध्यान खींचा। वहां टेलर स्विफ्ट ने अपनी शादी की अंगूठी भी दिखाई, वहीं ट्रैविस केल्सी क्लासिक ग्रे सूट में काफी हैंडसम लग रहे थे। इसी महीने की शुरुआत में शादी के बंधन में बंधने के बाद ये इस नई शादीशुदा जोड़ी की पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी।




# 'ड्यूनः पार्ट 3' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्यूनः पार्ट 3' इस साल बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने के लिए तैयार है। डेनिस विलेन्यूव द्वारा निर्देशित फिल्म से टिमोथी चालमेट, जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की पहली आधिकारिक झलक पहले ही जारी हो चुकी थी। अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो ब्रह्मांड के सबसे खूंखार युद्ध का संकेत देता है। साइंस-फिक्शन से भरपूर यह इस फ्रैंचाइजी की तीसरी और आखिरी कड़ी है, जिसमें दमदार वीएफएक्स शामिल है। 'ड्यूनः पार्ट 3' की कहानी 17 साल आगे से शुरू होती है। इस बार पॉल एट्रीडेस (टिमोथी) के सामने रूप बदलने वाला खलनायक स्काइटेल (रॉबर्ट) खड़ा है। वह उसके साम्राज्य ध्वस्त करना चाहता है। उधर, पॉल और चानी (जेंडाया) के रिश्ते में दूरियां आ चुकी हैं।



# 'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि

**मुंबई।** रोहित शेट्टी एक बार फिर 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'गोलमाल 5' से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। 'फैमिली मैन' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी।



# रामायण का ट्रेलर 24 को होगा रिलीज

**मुंबई।** निर्माता नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायणम का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म का ट्रेलर वैश्विक स्तर पर एक साथ प्रीमियर होगा। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली, 2027 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, दो भागों में बनाई जा रही इस महागाथा का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक रामायण को भव्य सिनेमाई प्रस्तुति, भावनात्मक गहराई और अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है।

टीवी मसाला

# जेब खर्च के खातिर किया छोटा-मोटा काम, 'स्प्लिट्सविला' ने चमका दी किस्मत

**नई दिल्ली।** एक्टर पारस छाबड़ा ने टीवी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भले ही वे बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका था साल 2012 में आए शो 'स्प्लिट्सविला 5' से।



शो ने दिल्ली के लड़के को देखते ही देखते घर-घर में मशहूर कर दिया। पारस छाबड़ा ने न सिर्फ शो में अपना जलवा बिखेरा, बल्कि आकांक्षा पोपली के साथ मिलकर सीजन की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। एक जीत ने उनके लिए ग्लैमर वर्ल्ड के सारे दरवाजे हमेशा के लिए खोल दिए। पारस का बचपन सामान्य नहीं था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी मां रूबी छाबड़ा ने अकेले ही बेहद मुश्किल हालातों में उनकी परवरिश की। मां के इसी स्ट्रगल को देखकर पारस के अंदर भी कुछ बड़ा करने की जिद पैदा हुई। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआती दिनों में जेबखर्च के लिए कई छोटे-मोटे काम भी किए उन्हें धीरे-धीरे विज्ञापनों में काम मिलने लगा।

***'बिग बॉस 13' साबित हुआ टर्निंग प्वॉइंट :*** पारस ने 'स्प्लिट्सविला 5' की कामयाबी के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 'वी द सीरियल' में दिखे और साल 2015 में दोबारा 'स्प्लिट्सविला 8' का हिस्सा बने। उन्होंने टीवी सीरियल्स का रुख किया और 'बढ़ो बहू', 'आरंभ', 'कलीरें' और 'अघोरी' जैसे शोज में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। 'विघ्नहर्ता गणेश' सीरियल में निभाया गया उनका रावण का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। लेकिन उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया, जब उन्होंने 'बिग बॉस 13' में एंट्री ली। वे शो में टॉप 6 तक पहुंचे और फिनाले के दिन 10 लाख का सूटकेस लेकर शो से बाहर आ गए।

# राजकुमार राव की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तैयार...

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव के अभिनेय के लोग दीवाने हैं। अब वह एक बार फिर कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी करीब 6 आगामी फिल्में चर्चा में हैं, जिनमें से 2 इसी साल रिलीज होंगी, जबकि 4 फिल्में 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फैंस के बीच उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में आइए देखते हैं राजकुमार की आने वाली फिल्मों की पूरी सूची।

***'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' और 'रफ्तार':*** कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ-साथ वमिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी मुख्य किरदार में हैं। राजकुमार की थ्रिलर फिल्म 'रफ्तार' इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ कीर्ति सुरेश, अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



***'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' और 'भेड़िया 2' :*** भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' 14 मई, 2027 में रिलीज होगी। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया 2' साल 2027 तक रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वहीं राजकुमार एक कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे।

***'स्त्री 3' और 'छोटी स्त्री' :*** हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के दोनों पार्ट के हिट होने के बाद अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 2027 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा कपूर साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ फिल्म 'छोटी स्त्री' आने वाली है। इस फिल्म में राजुकार और श्रद्धा नजर आ सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने इसका इसकी रिलीज की तारीख और कास्ट का खुलासा नहीं किया है।

# सनी देओल की इन फिल्मों ने की थी खूब कमाई, जीत लिए थे सबके दिल

***मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार अदाकारी और एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी लीगल कोर्टरूम ड्रामा 'इक्का' अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अगर आप इस फिल्म को देखने की योजना बना रहे हैं, तो उससे पहले सनी की उन सुपरहिट फिल्मों पर भी नजर डालिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और करोड़ों की कमाई कर दर्शकों का दिल जीत लिया था।*

## 'गदर 2' और 'गदरः एक प्रेम कथा'

सनी की सबसे कमाऊ फिल्मों की सूची में सबसे पहला नाम 'गदर 2' का है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 686 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ अमीषा पटेल भी मुख्य भूमिका में थीं। 'गदरः एक प्रेम कथा' का नाम इस सूची में दूसरे नंबर पर है। ये साल 2001 में रिलीज हुई थी। इसने उस समय दुनियाभर में 132.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



## 'जाट' और 'यमला पगला दीवाना'

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट' साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 126 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा भी मुख्य भूमिका में थे। कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ उनके दिवंगत पिता धर्मेंद्र और बॉबी देओल भी थे।

## 'बॉर्डर'

निर्देशक जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' (1997) भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और ऐतिहासिक देशभक्ति फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुई 'लोंगेवाला की लड़ाई' पर आधारित है। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का यादगार और दमदार किरदार निभाया था। उनके साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। इसने 64.98 करोड़ रुपये की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी।

# 'धमाल 4' के आगे 'अल्फा' ने टेके घुटने 2 करोड़ रुपए कमाने में भी छूटे पसीने...

## 'धमाल 4' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़

'धमाल 4' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी 'धमाल 4' में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन, अंजलि आनंद, ईशा गुप्ता और संजीदा शेख भी अहम भूमिका में हैं।

***मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार यानी 10 जुलाई को अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' रिलीज हुई। फिल्म ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। भले ही फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन पहले दिन कमाई के मामले में इसने बाजी मार ली है। आलम ये है कि फिल्म के आगे आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' पूरी तरह पस्त हो गई है। आइए जानें दोनों फिल्मों की कमाई।*




## 'धमाल 4' की आंधी में उड़ी 'अल्फा'

'धमाल 4' के रिलीज होते ही आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' की कमाई को बड़ा झटका लगा है। पहले हफ्ते में 47.45 करोड़ कमाने वाली ये फिल्म अपने आठवें दिन (दूसरे शुक्रवार) बॉक्स ऑफिस पर पस्त नजर आई। फिल्म आठवें दिन 2 करोड़ भी नहीं कमा सकी और महज 1.65 करोड़ रुपये पर सिमट गई। इसके साथ ही 'अल्फा' का 8 दिनों का कुल कारोबार 49.10 करोड़ रुपये हो गया है।

# सिद्धार्थ की फिल्म 'वन' की बदली रिलीज तारीख

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' अब 28 अगस्त को नहीं आएगी। निर्माता बालाजी मोशन पिक्चर्स ने एक मोशन पोस्टर



जारी करते हुए इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले रक्षाबंधन के अवसर पर सिनेमाघरों में आनी थी। चूकि उसी हफ्ते में श्रद्धा कपूर की 'ईथा' और यश की 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं। इस टकराव से बचने के लिए ये फैसला लिया गया है। निर्माता एकता कपूर ने 'वन' का एनिमेटेड मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें त्रिशूल लिए एक व्यक्ति खूंखार बाघ और नंदी से घिरा हुआ है। उसके चारो ओर बिजली की कड़क दिखाई गई है। पोस्ट के साथ कैप्शन दिया गया, 'बाघ की दहाड़ है... नंदी उसकी शक्ति है। और वन... उसकी कहानी।' फिल्म में सिद्धार्थ के साथ तमन्ना भाटिया मुख्य किरदार में हैं। यह अब 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इसके बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।

# धनुष और वेत्रिमारन की ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी, 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो रिलीज



**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक वेत्रिमारन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो जारी कर दिया है। इस प्रोमो के सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है। ये फिल्म अरिवुमथी की एक चर्चित किताब पर आधारित है, जो तमिल इतिहास के एक बेहद महान और शक्तिशाली नेता की कहानी को बयां करती है। इस ऐतिहासिक नायक का विशेष जिक्र तमिलों के प्राचीन संगम साहित्य में भी मिलता है। इन फिल्मों में साथ काम कर चुके धनुष और वेत्रिमारन साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष और दिग्गज निर्देशक वेत्रिमारन एक बार फिर इतिहास दोहराने के लिए तैयार हैं। ये पांचवीं बार है, जब ये सुपरहिट जोड़ी किसी फिल्म के लिए एक साथ आई है। इससे पहले यह जोड़ी 'पोलधवन', 'आदुक्लम', 'वडा चेन्नई' और 'असुरन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुकी है, जिन्होंने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाई की, बल्कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी अपने नाम किए।

खबर संक्षेप

## शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**सक्ती।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षक द्वारा छात्रों को नुक्कड़ नाटक के लिए तैयार किया गया। छात्रों में भी इस कार्य से एकता और समानता का भाव देखने को मिला है। साथ ही ग्राम के पालकों और नागरिकों ने इस कार्य की प्रशंसा की। इससे छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हुआ। शिक्षक इस तरह के राष्ट्र हित का कार्य करते हुए हमेशा छात्रों और ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास करते हैं। शिक्षक द्वारा इसके लिए प्रतिवर्ष कार्य किया जाता है। वे राष्ट्रीय एकता का संदेश किसी न किसी माध्यम से पहुंचाते रहते हैं। शिक्षक का यह कार्य प्रशंसनीय है। इससे छात्रों में भी राष्ट्र प्रेम की भावना का का विकास हुआ है। छात्र एकता और अखंडता का अर्थ समझने लगे हैं, जो आने वाले समय के लिए लाभदायक है। छोटे बच्चे भी इसे समझने लगे हैं।

## सत्य निज नाम संस्थान की बेटियों की अनूठी पहल, दिव्यांग बच्चों को भेंट किए वस्त्र

**शिवरीनारायण।** सेवा, संस्कार और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए सत्य निज नाम संस्थान के संस्थापक सत्य कबड्डी दास के पौत्रियां कु. अंकिता महंत एवं कु. अर्शिका महंत ने मानवता की सेवा में एक सराहनीय कदम उठाया है। दोनों बहनों ने अपने नशा मुक्ति भजनों और जनजागरण भाषणों से प्राप्त सहयोग राशि का एक हिस्सा समाज सेवा के लिए समर्पित किया। इसी कड़ी में दोनों बहनों ने पामगढ़ स्थित दृष्टि एवं श्रवण बाधित आवासीय विद्यालय पहुंचकर लगभग 30 दिव्यांग बच्चों को उनकी पसंद के अनुरूप नए वस्त्र भेंट किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर दूज राम ज्योति, अधीक्षक रामसनेही राय, शिक्षक रामलाल गोंड और नवरंग लाल कश्यप सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि कक्षा 3 की छात्रा अंकिता महंत एवं कक्षा 10 की छात्रा अर्शिका महंत पिछले दो वर्षों से भजन और भाषणों के माध्यम से नशा मुक्ति, अहिंसा और नैतिक मूल्यों का संदेश समाज तक पहुंचा रही हैं। दोनों बहनों ने संकल्प लिया है कि उन्हें समाज से मिलने वाली सहयोग राशि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सदैव जरूरतमंदों, दिव्यांगों और वंचित वर्ग की सेवा में समर्पित करेंगी। कम उम्र में ही समाज के प्रति यह समर्पण भाव यह सिद्ध करता है कि यदि बचपन से ही सेवा के संस्कार मिले, तो छोटी आयु में भी बड़े और सकारात्मक परिवर्तन लाए जा सकते हैं। दोनों बहनों का यह प्रयास पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है।



## भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बने परमानंद

**हसौद।** हसौद निवासी परमानंद जांगड़े को भारतीय जनता पार्टी के व्यवसायी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद हसौद सहित पूरे क्षेत्र के व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। परमानंद जांगड़े लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठन के सक्रिय एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में उनकी पहचान रही है। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी ने उन्हें व्यवसायी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यसमिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। बताया जा रहा है कि सक्ती जिले से परमानंद जांगड़े ऐसे इकलौते व्यापारी हैं जिन्हें भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिला है।



15 दिनों से खुदी पड़ी सड़क, बरसात में स्कूली बच्चों की बढ़ी दिक्कतें

# गोधना-कुकदा मार्ग के निर्माण की मंथर गति से क्षेत्रवासी हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

आदर्श ग्राम गोधना से आदर्श ग्राम कुकदा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य की मंथर गति क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। बरसात के दिनों में 15 दिनों से खुदी पड़ी सड़क के कारण ग्रामीण और स्कूली बच्चे खासे परेशान हो रहे है।

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना से आदर्श ग्राम कुकदा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण गोधना के अटल चौक के समीप सड़क को पिछले 15 दिनों से खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे ग्रामीणों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अधूरी सड़क और बरसात के कारण मार्ग पर कीचड़ एवं गड्ढे बन गए हैं। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में अपेक्षित गति नहीं होने से रोजमर्रा की आवाजाही मुश्किल हो गई है। इधर सिंचाई कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर पुलिया का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन पुलिया के दोनों ओर अब तक मुरूम नहीं डाली गई है। इसके कारण रास्ता ऊबड़-खाबड़ बना हुआ है और लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। इसी मार्ग से सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी प्रतिदिन पैदल विद्यालय आते-जाते हैं। खराब रास्ते के कारण उन्हें जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। वहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस समस्या के समाधान के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने, अटल चौक के समीप खुदी सड़क को तत्काल दुरुस्त कराने तथा पुलिया के दोनों ओर मुरूम डालकर आवागमन सुचारु करने की मांग की है, ताकि आमजन और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।



सड़क निर्माण के लिए खोदा गया गड्ढा।

# सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चांपा

- सरस्वती शिशु मंदिर में लगी यातायात की पाठशाला, विद्यार्थियों को सिखाए सड़क सुरक्षा के नियम

सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात विभाग द्वारा चांपा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में यातायात की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क पर सुरक्षित रहने और यातायात नियमों का पालन करने की विस्तृत जानकारी दी गई।

यातायात से निरीक्षक सुभाष चौबे के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नलों का सम्मान करने, जेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने जैसी महत्वपूर्ण बातें समझाई गईं। साथ ही दोपहिया वाहन पर तीन सवारी नहीं बैठाने, नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले गंभीर परिणामों की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय यातायात नियमों का पालन करना है। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे स्वयं नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने माता-पिता, परिजनों और आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। यातायात विभाग ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे घर से निकलते समय अपने अभिभावकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका यातायात अधिकारियों ने सरल भाषा में उत्तर दिया। साथ ही सड़क संकेतकों (ट्रैफिक साइन), दुर्घटना की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों और जिम्मेदार नागरिक के रूप में यातायात नियमों के पालन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर यातायात से निरीक्षक सुभाष चौबे, धर्मेंद्र तिवारी सहित यातायात विभाग से अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जागरूकता अभियान यातायात उप पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के निर्देशन में चलाया जा रहा है।


छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते अतिथि।

## टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने, वेतन विसंगति, पूर्ण पेंशन सहित विभिन्न मांगों पर बनी आंदोलन की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अकलतरा

- 15 जुलाई के विधानसभा घेराव को सफल बनाने शिक्षक फेडरेशन की रणनीति तैयार

सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन, अकलतरा की बैठक शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 15 जुलाई को रायपुर में प्रस्तावित विधानसभा घेराव आंदोलन की तैयारियों एवं रणनीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकाधिक संख्या में शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित शिक्षक हितैषी मांगों के निराकरण के लिए अब निर्णायक आंदोलन की आवश्यकता है। शासन के समक्ष शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखने के उद्देश्य से विधानसभा घेराव को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। फेडरेशन ने अपनी प्रमुख मांगों में टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने, वीएसके पोर्टल में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं के समाधान, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, पूर्व सेवा की गणना करते हुए क्रमोन्नति एवं समयमान/कामोन्नति का लाभ प्रदान करने तथा पूर्ण पेंशन सहित अन्य लंबित शिक्षक हितैषी मांगों का शीघ्र निराकरण प्रमुख रूप से शामिल किया है। बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गोपाल, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर आदित्य, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विवेक राठौर, जिला सचिव दिनेश तिवारी, जिला प्रवक्ता देवेन्द्र तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप भारती, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, कार्यकारी अध्यक्ष दामोदर चौधरी, उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार धीवर, संयोजक लक्ष्मण रात्रे, सचिव रूपेश सिंह, अमित धीरही, कोषाध्यक्ष रमाकांत परौहा, रश्मि दुबे, निधि सोनी, श्वेता शर्मा, साजन प्रजापति, मंगल चौहान, चंद्रप्रताप, अजय, प्रदीप पटेल, कुलदीप कुंभकार, रवि कमल, विजय कंवर, मनीष जोगी, सुरेश कुमार साहू, अरविंद यादव, अर्जुन कुमार झाड़े, अरविंद भारद्वाज, दीपक यादव, फत्ते सिंह टंडन एवं धीरेन्द्र कुमार शांडिल्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।



## धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का माध्यम : मोहन कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बम्हनीडीह


- संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन

नगर पंचायत बम्हनीडीह में डड़सेना परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा का वाचन महाराज सिद्धार्थ पाण्डेय ने अपने श्रीमुख से किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया तथा भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। इस अवसर पर मोहन कुमारी साहू ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज में संस्कार, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम है । ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और धर्म के प्रति आस्था रखने की प्रेरणा मिलती है । उन्होंने आयोजन के लिए डड़सेना परिवार की सराहना करते हुए स्वर्गीय बुधेश्वर प्रसाद डड़सेना को श्रद्धांजलि अर्पित की । कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डड़सेना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहन डड़सेना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भुवन भास्कर, जनप्रतिनिधि गोकुल जायसवाल, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद लीलाराम कुम्हार, कुलदीप जायसवाल, शिक्षक श्यामलाल डड़सेना, शिक्षक रामलाल डड़सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।


उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करती मोहन कुमारी साहू।

## नगर के मनीष का हुआ लेखक गांव में सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमन्त्री और पूर्व केन्द्रीय शिक्षा एवं मानव संसाधन मन्त्री डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने देहरादून में भारत एवं विश्व के साहित्यकारों को समर्पित लेखक गांव, की स्थापना की है। इस स्थान पर वार्षिक 'स्पर्श हिमालय' महोत्सव का आयोजन होता है जिसमें भारत सहित दुनिया के लगभग 60 देशों के प्रवासी और स्थानीय लेखकों की भागीदारी होती है। नगर के मनीष पाण्डेय जो वर्तमान में यूरोप के देश नीदरलैंड्स रहते हैं उन्हें डॉ पोखरियाल ने लेखक ग्राम आमंत्रित किया था। मनीष को यह सम्मान उनके कवि और लेखक के रूप में प्रवासी साहित्यकार होने के साथ ही विश्व में हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के प्रचार प्रसार में तकनीकी रूप से योगदान के लिया दिया गया। मनीष अनेक वैश्विक हिंदी भाषा के क्रियाकलापों से जुड़े हैं जिनमें 'तकनीकी सम्पादक - वैश्विक हिंदी परिवार' एक उल्लेखनीय कार्य है। डॉ पोखरियाल ने इस अवसर पर मनीष को 'लेखक गांव,' के द्वारा भारत और विश्व के लेखकों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और साथ ही अपने तकनीकी ज्ञान के आधार पर योगदान देने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर मनीष ने अपने काव्य संग्रह 'नयी राह पर' की प्रति डॉ निशंक को भेंट की साथ ही दूसरी प्रति लेखक गांव स्थित पुस्तकालय के लिए दी। लेखक गांव स्थित 'नालंदा पुस्तकालय एवं शोध केंद्र' में वर्तमान में लगभग एक लाख पुस्तकें हैं और इसे अगले पांच वर्षों में दस लाख तक पहुंचाने की है। पूर्व में डॉ निशंक से मनीष की भेंट दिल्ली स्थित 'प्रवासी भवन' में हुई थी जिसके उपरांत मनीष ने उनके साथ अनेकों वैश्विक स्तर के कार्यक्रमों में भागीदारी की है जो कि उनके वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति योगदान को दर्शाता है।




## तीजन बाई ने पंडवानी कला को देश-विदेश तक पहुंचाकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को विश्व पटल पर किया गौरवान्वित

**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन एवं अकलतरा साहित्य साधना मंच के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, अकलतरा परिसर में प्रख्यात पंडवानी गायिका स्वर्गीय श्रीमती तीजन बाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिशु मंदिर के प्राचार्य केशव कौशिक के आह्वान पर उपस्थित अतिथियों ने स्वर्गीय तीजन बाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। शिक्षाविद् छेदीलाल शर्मा ने कहा कि तीजन बाई ने पंडवानी कला को देश-विदेश तक पहुंचाकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया। वरिष्ठ नागरिक सतीश दीवान ने कहा कि प्रतिभा किसी महल की मोहताज नहीं होती और तीजन बाई इसका सजीव उदाहरण थीं। कार्यक्रम को साहित्यकार राजेश अग्रवाल, गोपेश तुलस्यान, वरिष्ठ कवि रमेश सोनी, साहित्यकार रविंद्र सिंह बैस, रमाकांत सिंह, संतोष अग्रवाल, दशरथ नामदेव, श्रीमती रंजना सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने किया। अंत में वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य श्रीपाल सिंह बैस ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अनिल सिंह, अनिल दुबे, जय कुमार अग्रवाल, अयन जैन सहित अनेक साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



